दिन– मंगलवार | दिनांक– 16 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.57 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत चार लाख रुपये तक शिक्षा ऋण को ब्याजमुक्त घोषित किया।

02. आयकर विभाग की टीम ने प्रबल भारत पार्टी के पटना समेत देशभर में तीस ठिकानों पर छापेमारी की। दो सौ करोड़ रुपये की कर चोरी के दो मामलों का उद्‌भेदन किया।

03. लोजपा, रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा – एनडीए का सीएम चेहरा नीतीश कुमार हैं। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा – महागठबंधन में सीएम उम्मीदवार को लेकर कोई विवाद नहीं।

04. और, मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश भागों में हो रही है झमाझम बारिश। मौसम विभाग ने आज गोपालगंज जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय योजना के अन्तर्गत बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं के लिए बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत चार लाख रुपये तक शिक्षा ऋण को ब्याजरहित बनाने की घोषणा की है। श्री कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में सभी आवेदकों के लिए ऋण ब्याजरहित किये जाने की जानकारी साझा की। गौरतलब है कि पहले इस योजना के तहत लोन लेने वाले सामान्य आवेदकों को चार प्रतिशत और महिला, दिव्यांग तथा ट्रांसजेंडर आवेदकों को एक प्रतिशत ब्याज देना पड़ता था। श्री कुमार ने यह भी कहा कि शिक्षा ऋण वापस करने की अवधि साठ मासिक किस्तों से बढ़कार चौरासी से एक सौ बीस मासिक किस्त तक कर दी गयी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे छात्र–छात्राओं को अपनी पढ़ाई पूरी करने में आर्थिक रूप से काफी मदद मिलेगी।

–––बाइट–––

---

राज्य सरकार कल विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर श्रमिकों को एक बड़ी सौगात देने जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार श्रम संसाधन विभाग से निबंधित सभी श्रमिकों के खाते में वार्षिक वस्त्र सहायता योजना के तहत पांच–पांच हजार रुपए की राशि

डीबीटी के माध्यम से अंतरित करेंगे। प्रदेश में पहली बार यह योजना लागू की जा रही है। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सोलह लाख चार हजार नौ सौ उनतीस श्रमिकों के खाते में लगभग आठ सौ दो करोड़ रुपये की राशि भेजी जाएगी।

---

आयकर विभाग ने लगभग दो सौ करोड़ रुपये की कर चोरी के दो बड़े मामलों का उद्‌भेदन किया है। आयकर विभाग, पटना की जांच टीम ने चार दिनों तक चले महाअभियान के तहत प्रबल भारत पार्टी से जुड़े फर्जी राजनीतिक चंदा लेने और इस आधार पर आयकर की धारा–अस्सी जी.जी.सी. के तहत रियायत लेने के रैकेट का खुलासा किया है। विभाग की टीम ने पार्टी से जुड़े सीतामढ़ी, समस्तीपुर, पटना, दिल्ली और गाजियावाद समेत देशभर के तीस ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान चार्टड अकाउंटेंट और दलालों के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। करीब आठ हजार करदाताओं द्वारा पार्टी को चंदा देने और इस आधार पर आयकर में रियायत का लाभ उठाने के साक्ष्य मिले हैं। विभाग ने ऐसे सभी करदाताओं से आग्रह किया है कि वे स्वैच्छिक रूप से अपना संशोधित आयकर रिटर्न शीघ्र भरें। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

---

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आकलन वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ा दी है। आयकरदाता अब आज रात बारह बजे तक रिटर्न भर सकते हैं। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यह निर्णय कल रिटर्न भरने के अंतिम दिन तकनीकी व्यवधान के कारण आई दिक्कतों के बाद लिया गया है। आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि मूल रूप से इकतीस जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर पंद्रह सितम्बर किया गया था। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आकलन वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अब तक सात करोड़ से अधिक रिटर्न भरे जा चुके हैं।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि एनडीए का सीएम चेहरा नीतीश कुमार ही हैं। उन्होंने कहा कि इसे लेकर कहीं कोई संशय नहीं है। श्री पासवान ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पक्की है।

–––बाइट–––

---

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष  तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि महागठबंध में सीएम पद के चेहरे को लेकर कोई अगर–मगर नहीं है। श्री यादव ने कहा कि समय पर सीएम उम्मीदवार की घोषणा कर दी जाएगी।

–––बाइट–––

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अठारह सितम्बर को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायवाल ने केंद्रीय मंत्री श्री शाह के दौरे को लेकर जानकारी साझा करते हुए बताया कि वे डेहरी और बेगूसराय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

–––बाइट–––

---

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। इस महीने की तीन तारीख को उनका यह सपना साकार हुआ, जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की। आज, हम कृषि क्षेत्र विशेषकर ट्रैक्टरों के लिए सुधारों पर एक नज़र डालते हैं। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट––

नए जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने कृषि क्षेत्र में कर की कटौती से किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। ट्रैक्टरों पर कर की दर 12ः से घटाकर 5ः कर दी गई है। टायर–ट्यूब हाइड्रोलिक पंप जैसे ट्रैक्टर की कल पुर्जों पर भी जीएसटी दर को 18ः से घटाकर 5ः कर दिया गया है। इसके अलावा कुछ अन्य जरूरी सामान जैसे विशेष जैव, कीटनाशक, सूक्ष्म पोषक तत्व, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, स्प्रिंकलर और खेती कटाई तथा मड़ाई की मशीनों पर भी जीएसटी 12ः से घटाकर 5ः कर दिया गया है। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जीएसटी दर में की गई कटौती कृषि क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से किसानों की तरक्की में मदद मिलेगी। जीएसटी में जो सुधार किए गए हैं उनको अगर देखेंगे तो उनका बड़ा लाभ देश के किसानों को मिलने वाला है। कृषि उपकरण चाहें वो ट्रेक्टर हो, हार्वेस्टर हो रोटावेटर हो अलग–अलग तरह की जिसपे मैं आउंगा कि फायदा किसान को मिलेगा। जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत की गई है। वो किसान के लिए वरदान सिद्ध होगी। जीएसटी में ये बदालाव खासकर छोटो और मध्यम किसानों को फायदा पहुंचाएगा। कृषि उपकरणों पर कर कम होने से खेती का खर्च घटेगा। नई टैक्स दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी। सकलेन अख्तर के साथ नीतिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार नई दिल्ली।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आनंद कुमार वेलकुमार को स्प्रिंट स्केटिंग विश्व चैम्पियनशिप के सीनियर पुरुष एक हजार मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर

बधाई दी है। इस इवेंट में पहली बार भारत ने स्वर्ण पदक जीता है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आनंद कुमार वेल कुमार के धैर्य, गति और जज्बे ने उन्हें स्केटिंग में पहला विश्व चैम्पियन बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी उपलब्धि से अनगिनत युवा प्रेरणा लेंगे।

---

भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन सत्रह सितम्बर को विशेष बनाने के लिए सेवा पखवाड़ा के तहत **चलो जीते हैं** अभियान की शुरूआत की। प्रदेश भाजपा कार्यालय, पटना में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने मोदी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोदी रथ राज्य के सभी दो सौ तैंतालीस विधानसभा क्षेत्रों में जाकर लोगों को प्रधानमंत्री श्री मोदी के जीवन और उनकी उपलब्धियों से अवगत करायेगा। रथ पर लगी स्क्रीन के जरिए श्री मोदी के जीवन पर आधारित फिल्में भी दिखाई जाएगी।

---

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज जहानाबाद से अपनी पांच दिवसीय बिहार अधिकार यात्रा की शुरूआत की। यह यात्रा ग्यारह जिलों से होते हुए बीस सितम्बर को वैशाली में संपन्न होगी। श्री यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वे एक संकल्प के साथ यात्रा पर निकले हैं।

———बाइट———

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के बिहार अधिकार यात्रा को लेकर कहा कि यह यात्रा पूरी तरह फ्लॉप साबित होगी।

———बाइट———

---

मानसून की अति सक्रियता के कारण पटना में समेत राज्य के अधिकतर भागों में भारी से अति भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के

अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान सीवान, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण और सारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। अन्य स्थानों पर गरज के साथ मध्यम बारिश हो सकती है।

———बाइट———

---

निगरानी विभाग की टीम ने रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत एक चपरासी विनोद कुमार ठाकुर को एक लाख सोलह हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

---

अमृतसर के छेहरटा और सहरसा के मध्य चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का नियमित परिचालन बीस सितम्बर को शुरू होगा। वहीं, तमिलनाडु के ईरोड और अररिया के जोगबनी के बीच चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन पच्चीस सितम्बर से किया जाएगा। गौरतलब है कि इन दोनों ट्रेनों का शुभारंभ कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पूर्णिया दौरे के दौरान किया था।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत चार लाख रुपये तक शिक्षा ऋण को ब्याजमुक्त घोषित किया।

02. आयकर विभाग की टीम ने प्रबल भारत पार्टी के पटना समेत देशभर में तीस ठिकानों पर छापेमारी की। दो सौ करोड़ रुपये की कर चोरी के दो मामलों का उद्भेदन किया।

03. लोजपा, रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा – एनडीए का सीएम चेहरा नीतीश कुमार हैं। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा – महागठबंधन में सीएम उम्मीदवार को लेकर कोई विवाद नहीं।

04. और, मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश भागों में हो रही है झमाझम बारिश। मौसम विभाग ने आज गोपालगंज जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।